छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 22 मार्च, 2010 (चैत्र-1, 1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (क्रमांक 16 सन् 2005) की धारा 6 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार वर्ष 2009-2010 के बजट की तृतीय तिमाही के आय तथा व्यय की प्रवृत्तियों की समीक्षा पटल पर रखेंगे.

(2) डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 (क्रमांक 10 सन् 1994) की धारा 28 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार राज्य मानव अधिकार आयोग, छत्तीसगढ़ का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008-2009 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री शिवराज सिंह उसारे, रामजी भारती, खेदूराम साहू, सदस्य, जिला-राजनांदगांव के केसला एनीकट निर्माण में अनियमितता किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामदेव राम, सदस्य, जवाहर उत्कर्ष विद्यार्थी योजना में व्याप्त अनियमितता की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री अमर अग्रवाल, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ मनोरंजन शुल्क एवं विज्ञापन कर (संशोधन) विधेयक, 2010 (क्रमांक 9 सन् 2010) के पुर:स्थापन का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

5. वर्ष 2010-2011 की अनुदान मांगों पर चर्चा

निर्धारित समय				
(शेष चर्चा)	(1)	मांग संख्या	22	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय
		मांग संख्या	69	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय कल्याण
		मांग संख्या	81	नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या	36	परिवहन
		मांग संख्या	21	आवास एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित व्यय

क्रमश: 2

निर्धारित समय			
2 घंटे 30 मिनट (2)	मांग संख्या	55	महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	34	समाज कल्याण
	मांग संख्या	43	खेल और युवक कल्याण
3 घंटे 30 मिनट (3)	मांग संख्या	1	सामान्य प्रशासन
	मांग संख्या	2	सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय
	मांग संख्या	6	वित्त विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	31	योजना,आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	60	जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	12	ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	25	खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	32	जनसम्पर्क विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	71	सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी
	मांग संख्या	65	विमानन विभाग
	मांग संख्या	11	वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय
	मांग संख्या	38	बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान

रायपुर
दिनांक 21 मार्च, 2010

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.